तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 8 मार्च 2026



13 होली पर हुई फाग प्रतियोगिताएं, लोकगीतों...





14 दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस में नई नियुक्तियों से संगठन को...







श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### डोंडी पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वालों पर कसा शिकंजा



**डोंडी।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पऱ थाना प्रभारी उमा ठाकुर द्वारा नगर के मुख्य मार्ग मथाई चौक, दुर्गा चौक बस स्टेण्ड में डोंडी पुलिस ने लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से जनहानि को देखते हुए रोकथाम के लिए नशे में ड्राइव कर रहे ड्राइवरों को चेक किया और स्टापर लगाकर यातायात अभियान चलाया। यह कार्रवाई नशे में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ की गई है, जो सड़क सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है डोंडी पुलिस की कार्रवाई के मुख्य बिंदु नशे में ड्राइव कर रहे ड्राइवरों को चेक किया स्टापर लगाकर यातायात अभियान चलाया सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### समिति से 2.80 क्विंटल धान चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**बालोद।** समिति से धान चोरी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ समिति प्रबंधक ने रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सेवा सहाकारी समिति गब्दी के प्रबंधक लिलेश्वर साहू ने पुलिस को बताया मुझे कम्प्युटर आपरेटर सुर्यकांत साहू द्वारा मुझे 28 फरवरी प्रातः मोबाईल से सूचना दिया गया कि ग्राम गब्दी निवासी जागृत देवांगन द्वारा समिति द्वारा खरीदी किये गये धान मे 07 कट्टा प्रति कट्टा चोरी कर ले गया है। प्रत्येक बोरे का वजन 40 किलो ग्राम था, कस प्रकार कुल 02 क्विंटल 80 किलो सरना धान चोरी कर ले गया है। जिसेका शासकीय मूल्य अनुसार 8680 रूपये का है। मै समिति मे आकर देखा तो जागृत देवांगन द्वारा तार फेंसिंग को खोलकर अन्दर प्रवेश कर 07 बोरी धान को चोरी किया।

### पटेल संघ का होली मिलन समारोह 12 को

**बालोद।** जिला एवं तहसील ग्राम पटेल संघ जिला बालोद द्वारा 12 मार्च गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन महावीर काम्प्लेक्स बजरंग बली मंदिर के सामने ग्राम सिवनी में किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधीश बालोद दिव्या उमेश मिश्रा रहेंगी। अध्यक्षता अपर कलेक्टर बालोद प्राची ठाकुर करेंगी। विशेष अतिथि एसडीएम बालोद नूतन कवर, तहसीलदार बालोद आशुतोष शर्मा एवं थाना प्रभारी जिला बालोद शिशुपाल के साथ तहसील बालोद, गुरूर, गुण्डरदेही, डौंडीलोहारा एवं तहसील डौडी के समस्त ग्राम पटेल उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी जिला संघ के मिडिया प्रभारी भाव सिंह यदुवंशी ने दी।

### निगम का भृत्य निलंबित

**भिलाई।** भिलाई निगम जोन क्रमांक 3 के भृत्य मलकीत सिंह को निलंबित कर दिया गया है। मलकीत बिना किसी पूर्व अनुमति/सूचना के लगातार अवकाश ले रहे थे। उसने नशे में धुत होकर अपने सहकर्मी के साथ मारपीट एवं गाली-गलौच भी की थी। जिसकी विभाग द्वारा सूचना थाने में भी की गई ।

## मांग : बेलगाम रफ्तार और ओवरलोडिंग से बढ़े हादसे, लोगों में आक्रोश

# तेज रफ्तार वाहनों से रोज हो रहे हादसे लापरवाही से मौत का ग्राफ बढ़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- ग्रामीणों-व्यापारियों ने उठाए सवाल, प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

दल्लीराजहरा मुख्य मार्ग से गुजरने वाले कच्चे माइंस, गिधाली माइंस और बीएसपी से आयरन ओर लेकर दौड़ रही भारी हाईवा गाड़ियां अब आम लोगों के लिए सीधे तौर पर मौत का कारण बनती जा रही हैं। सड़कों पर बेलगाम रफ्तार से दौड़ती इन गाड़ियों ने क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। लगातार हो रहे सड़क हादसों में लोगों की जान जा रही है, लेकिन हालात ऐसे हैं कि मौतों का यह सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा। लोगों का कहना है कि आयरन ओर के परिवहन की इस अंधाधुंध दौड़ में इंसानी जिंदगी की कोई कीमत नहीं रह गई है।

क्षेत्र की मुख्य सड़कों से लेकर गांवों के रास्तों तक दिन-रात भारी हाईवा गाड़ियों की कतारें लगी रहती हैं। तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई बार राहगीर, बाइक सवार और छोटे वाहन चालक इन भारी वाहनों की चपेट में आकर अपनी जान गंवा रहे हैं। लगातार हो रही मौतों से लोगों में गहरा रोष है और अब सवाल उठने लगे हैं कि आखिर इन हादसों की जिम्मेदारी कौन लेगा।

**ग्रामीणों में दहशत, सड़क पार करना भी बना जोखिम-** सड़क किनारे बसे गांव पथराटोला, अरमुरकसा, मानपुर चौक के लोगों का कहना है कि सुबह से देर रात तक हाईवा गाड़ियों की आवाजाही इतनी अधिक हो गई है कि बच्चों, ▶▶| शेष पेज 12 पर



### लोगों का सवालः कब रुकेगा मौत का सिलसिला

लगातार बढ़ते हादसों के बीच अब क्षेत्र के लोग सख्त कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। रामेश्वर कुमार, अजीत सिंह, रोहित कुमार आदि लोगों का कहना है कि भारी वाहनों की गति सीमा तय की जाए, ओवरलोडिंग पर कड़ाई से रोक लगे और संवेदनशील स्थानों पर यातायात व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए।



### पुलिस प्रशासन और संबंधित विभागों की भूमिका पर उठ रहे सवाल

क्षेत्र में लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद ठोस और प्रभावी व्यवस्था नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो हादसों का यह सिलसिला और भयावह रूप ले सकता है।

# पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आए सेवानिवृत रेलकर्मी की मौके पर हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- पुलिस ने पंचनामा कर शुरू की मामले की जांच

नगर के वार्ड क्रमांक 26 निवासी रेलवे के सेवानिवृत्त कर्मचारी जवाहरलाल की गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। वे पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। मिली जानकारी के अनुसार अंतागढ़ से दल्लीराजहरा होते हुए दुर्ग की ओर जा रही पैसेंजर ट्रेन के गुजरने के दौरान यह हादसा हुआ। इसी दौरान जवाहरलाल ट्रेन की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। चोटें अत्यंत गंभीर होने के कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की। इसके बाद शव को आगे की प्रक्रिया के लिए भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि मृतक जवाहरलाल रेलवे विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी थे और दल्लीराजहरा नगर के वार्ड क्रमांक 26 में निवास करते थे। अचानक हुई इस घटना से क्षेत्र के लोगों में गहरा दुख और शोक व्याप्त है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। हालांकि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# मानपुर चौक में अचानक चल पड़ा खड़ा ट्रक, घुसा गड्ढे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

रंग पंचमी के उत्साह के बीच गुरुवार तड़के दल्लीराजहरा के प्रवेश स्थल मानपुर चौक में एक अजीबो-गरीब घटना सामने आई, जहां सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक अचानक अपने आप चल पड़ी और कुछ ही दूरी पर जाकर गड्ढे में घुस गई। गनीमत रही कि घटना के समय आसपास कोई राहगीर या वाहन नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जगन्नाथ कंपनी की ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 9505 दल्लीराजहरा की ओर मुख कर सड़क किनारे खड़ी थी। बताया जा रहा है कि रात लगभग 2 बजे ट्रक चालक वाहन के आसपास ही मौजूद था। इसी दौरान ट्रक आइडल स्थिति में होने के कारण धीरे-धीरे आगे बढ़ने लगी। ट्रक को अचानक चलते देख चालक घबरा गया और उसके पीछे भागकर उसे रोकने का प्रयास करने लगा, लेकिन तब तक ट्रक मानपुर चौक के समीप कमला हॉस्पिटल के बाजू में स्थित भागवत घर के पास पहुंचकर सड़क किनारे बने गहरे गड्ढे में जा घुसी। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या चोट की खबर नहीं है, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि रात के सन्नाटे में ट्रक के अचानक चलने की इस घटना ने आसपास के लोगों को हैरान कर दिया। उल्लेखनीय है कि इससे ▶▶| शेष पेज 12 पर



टला बड़ा हादसा, नहीं हुई कोई जनहानि

# होली पर नाचने से मना करने पर मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नाचने से मना करने पर दो युवको ने मना करने वाले व्यक्ति के साथ गाली गलौज करने के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले दो लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम चरोटा निवासी डोमेन्द्र मण्डावी ने पुलिस को बताया कि 05 मार्च को शाम करीबन 05.30 बजे बुढा देव मंदिर के पास ग्राम चरोटा में होली पर्व के दौरान हमारे गांव के लोग नाच गाना कर रहे थे, तभी मुझे हमारे गांव के पप्पू मलिया एवं त्रिलोक बंबोरे नाचने के लिये खींचने लगा, जिन्हे मना करने पर मुझे गाली गलौज करने लगे, जिन्हे गाली देने से मना करने पर दोनो ने मिलकर मुझे हाथ मुक्का से मारपीट किये जिससे मेरे सीने में दर्द हो रहा है।

# होली में रंग विवाद पर मारपीट दोनों पक्षों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

होली के अवसर पर एक दूसरे को गुलाल लगाने को लेकर दो पक्षो में वाद विवाद व मारपीट हो गया, जिसके बाद दोनो ही पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है, जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

वार्ड क्रमांक 15 कुन्दरूपारा बालोद निवासी बसंत कुमार ने पुलिस को बताया कि 04 मार्च के करीब दोपहर 02:30 बजे वार्ड क्रमांक 17 कुन्दरूपारा बालोद में होली मनाने अपनी चाची के घर गया था। चाची के घर के सामने बाक्स लगाकर रंग गुलाल, व नाच गान कर रहे थे, नाच गान के दौरान भूपेश साहू व उसके दो साथी अचानक आये और गाली गलौज कर मुझे मारपीट करने लगे, तब मैं किसी तरह बचकर अपने चाची के घर चला गया, तब भूपेश साहू व उसके दो साथी मेरे चाची के घर में घुसकर मेरे साथ गाली गलौज कर मारपीट किये है।

शाम करीबन 07 बजे डेविन धुरव आया और हम दोनो भाई से वाद विवाद करने लगा, डेविन गाली गलौज करते हाथ मुक्का से मारपीट करते मेरे बदन में पहने टी– शर्ट को फाड़ दिया। मारपीट करने से मेरे बाएं हाथ के कोहनी में चोट आया है, पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड न. 17 कुन्दरूपारा बालोद निवासी डेविन कुमार धुरव ने पुलिस को बताया कि 04 मार्च होली त्यौहार रंग गुलाल उत्साव मे वार्ड 17 पार्षद के घर के सामने बॉक्स लगाकर नाच गा रहे थे, हमारे वार्ड के नाच गान में वार्ड क्रमांक 15 कुन्दरूपारा के बसंत कुमार भी आया था, जो मेरी भाभी के साथ अश्लील तरीका से रंग गुलाल लगाते हुये व नाच गान कर रहा था, जिसे वहां पर उपस्थित लोगों के द्वारा मना करने पर वाद विवाद कर अपने घर चला गया था, जो करीबन शाम 07 बजे बसंत कुमार अपने भाई गोकुल एवं साथियों के साथ पुनः मेरे घर के सामने आकर मुझे व मेरे भाई हर्ष धुरव को घर से बाहर बुलाकर उसी विवाद को लेकर मुझे व मेरे भाई हर्ष को, दोनो गाली गलौज कर धमकी देते हुये मुझे व मेरे भाई को हाथ मुक्का से मारपीट किये है, जिससे मुझे गला में चोट खरोंच का निशान है व शरीर के अन्य अंगो में दर्द है। जिसमे पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## कृषि विभाग ने किसानों से की वैज्ञानिक अवशेष प्रबंधन अपनाने की अपील

# फसल अवशेष जलाना पर्यावरण के लिए खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

फसल कटाई के बाद खेतों में बचे ठूंठ और अवशेष को जलाने की बढ़ती प्रवृत्ति को लेकर कृषि विभाग ने किसानों से सतर्क रहने और वैज्ञानिक तरीके से फसल अवशेष प्रबंधन अपनाने की अपील की है। विशेषज्ञों के अनुसार फसल अवशेष जलाने से न केवल मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है, बल्कि पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर दुष्प्रभाव पड़ते हैं। दल्लीराजहरा पहुंचे कृषि विभाग के अधिकारियो केअनुसार कई किसान नई फसल की तैयारी के लिए खेत में पड़े पैरा, भूसा और ठूंठ को जला देते हैं, जिससे जमीन की उपजाऊ शक्ति धीरे-धीरे कम होती जाती है। फसल अवशेष जलाने से मिट्टी में मौजूद उपयोगी सूक्ष्म जीव और मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं, जिससे मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।





अवशेष जलाने से घटती है मिट्टी की उर्वरता, बढ़ता है वायु प्रदूषण

**फसल अवशेष जलाने के दुष्प्रभाव-** विशेषज्ञों का कहना है कि फसल अवशेष जलाने से निकलने वाला धुआं वातावरण में जहरीली गैसें फैलाता है, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या को भी बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा खेतों की मिट्टी का तापमान बढ़ जाने से उसकी संरचना भी प्रभावित होती है।

**अवशेष प्रबंधन के वैज्ञानिक तरीके-** कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि फसल कटाई के बाद खेत में पड़े पैरा और भूसे को जलाने के बजाय गहरी जुताई कर मिट्टी में मिलाया जा सकता है। इसके बाद खेत में पानी भरने से अवशेष धीरे-धीरे सड़कर कम्पोस्ट खाद में बदल जाते हैं, जिससे मिट्टी को मुख्य एवं सूक्ष्म पोषक तत्व प्राप्त होते हैं।

**किसानों की राय-** स्थानीय किसान रामलाल साहू का कहना है कि पहले किसान अवशेष जलाकर खेत साफ कर देते थे, लेकिन अब धीरे-धीरे किसानों में जागरूकता बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि अवशेष को खेत में मिलाने से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और खाद पर खर्च भी कम होता है।

**प्रशासन की अपील-** कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि फसल अवशेष को जलाने से बचें और वैज्ञानिक पद्धति से उसका प्रबंधन करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि फसल अवशेष जलाना प्रतिबंधित है और ऐसा करने पर कार्रवाई भी की जा सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किसान फसल अवशेष प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों को अपनाते हैं तो इससे न केवल पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, बल्कि मिट्टी की उर्वरता बढ़ने से फसल उत्पादन में भी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

# रंग लगाने से मना करने पर आठ लोगों ने युवक से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- पीड़ित ने दर्ज कराई शिकायत, पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

होली के अवसर पर रंग लगाने से मना कर पर आठ लोगो ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने आठ लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 191(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम भेंगारी निवासी नारद राम साहू ने पुलिस को बताया कि 04 मार्च को होली त्योहार मनाने के लिये अपने साथी भीषम लाल हिरवानी के साथ गांव में घूम रहे थे, उसी समय हमारे गांव के राजेन्द्र साहू, धर्मेन्द्र साहू, तरूण कुमार साहू, उमेश कुमार साहू, लोमन निषाद, केवल निषाद, टीकम साहू एवं विमल निषाद हमारे पास आए। रंग गुलाल लगाते समय मेरे पहने पैन्ट के अंदर विमल निषाद ने गुलाल लगाने का प्रयास किया, जिसे मैंने धक्का देकर हटाने के बाद उन लोगों के पास से हटकर गंगाबाई नेताम के घर के पास चले गये थे, करीबन शाम 05:30 बजे राजेन्द्र साहू, धर्मेन्द्र साहू, तरूण कुमार साहू, उमेश कुमार साहू, लोमन निषाद, केवल निषाद, टीकम साहू एवं विमल निषाद मेरे पास आकर सभी मुझे गाली गलौज करते हुये धमकी देकर हाथ– मुक्का से मारपीट कर मुझे जमीन में गिराकर मेरे हाथ पैर को पकड़ कर जमीन में घसीटते हुये मारपीट किये, तभी पास में खड़े मेरे साथी भीषम लाल हिरवानी एवं गंगाबाई नेताम बीच बचाव किया है। मारपीट से मैं बेहोश हो गया ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस में 6 जिला प्रवक्ता और 3 कार्यालय प्रभारियों की नियुक्ति

दुर्ग। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अंतर्गत संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने 6 जिला प्रवक्ताओं एवं 3 कार्यालय प्रभारियों की नियुक्ति की है। टनेन्द्र ठाकरे, द्वारिका साहू, निमेश टिकरिहा, रजत नायक, त्रिभुवन यदु एवं रामशंकर शुक्ला को जिला प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया गया है। कार्यालय संचालन को व्यवस्थित एवं सुदृढ़ बनाने के लिए मोहित वालंदे, अभिषेक जांगड़े एवं जय साहू को कार्यालय प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### दुर्ग शहर में उत्तर ब्लॉक की कार्यकारिणी घोषित

दुर्ग। शहर जिला संगठन में ब्लॉक अध्यक्ष देवश्री साहू ने कार्यकारिणी घोषित कर दी है।कोषाध्यक्ष आशीष भट्टाचार्य, उपाध्यक्ष काशी रात्रे, बृजकिशोर शर्मा, खुशी निर्मलकर, अजीत खुटेल, अजय जैन, यशवंत साहू, महामंत्री विनोद निषाद, अनीश मथाई, अश्वनी साहू, चंद्रशेखर वर्मा, नवीन श्रीवास्तव, निकिता सिंह, अशोक साहू, संजय जिंदल, सचिव मुकेश तिवारी, लता साहू, चंदन देवांगन, अमिताभ नायक, विनय चंद्राकर, नंदू नेताम, अनीता राजपूत सहित अन्य शामिल हैं।

## ट्रस्ट के अध्यक्ष को भेजा ज्ञापन, अवैधानिक है संचित राशि का हस्तांतरण

# सीटू ने एसईएसबीएफ ट्रस्ट को भंग किए जाने के निर्णय के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

कोलकाता में एसईएसबीएफ की हुई बैठक में एसईएसबीएफ ट्रस्ट द्वारा बहुमत से ट्रस्ट को भंग किए जाने और संचित राशि को एनपीएस में स्थानांतरित किए जाने के विरोध में सीटू भिलाई ने बोरिया गेट पर प्रदर्शन किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष के नाम पर भिलाई इस्पात संयंत्र के औद्योगिक संबंध विभाग को ज्ञापन देकर संचित राशि वापस दिलाने की मांग की गई। ऐसा नहीं किए जाने पर विरोध तेज करने की चेतावनी दी गई।

सीटू नेताओं ने कह कि कोलकाता में 2 फरवरी को एस ई एस बी एफ की हुई बैठक मे बहुमत से ट्रस्ट को भंग कर लगभग 2400 करोड़ रुपए की संचित निधि को एनपीएस यानी बाजार जोखिम में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। एसईएसबीएफ ट्रस्ट 15.9.1994 को सेल के कर्मचारियों के हितार्थ कंपनी तथा केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, सेफी तथा सभी इकाइयों के मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों द्वारा विधिवत नामित न्यासियों के बीच संपादित ट्रस्ट डीड के माध्यम से गठित किया गया। यह कोष सदस्यों के मासिक वेतन से 2% अंशदान द्वारा तथा कुछ अवसरों पर कंपनी द्वारा पीएलबीएस के नाम पर योगदान से बनाया गया था। इस कोष का संचालन ट्रस्ट डीड एवं विधिवत निर्मित और लागू ट्रस्ट नियमों के प्रावधानों के अनुसार न्यासी मंडल द्वारा किया जाता रहा है।यूनियन नेताओं ने कहा कि ट्रस्ट डीड की धारा 18 (ट्रस्ट की समाप्ति) के उपधारा (बी) में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि यदि सभी न्यासी सर्वसम्मति से निर्णय लें, तभी ट्रस्ट को भंग किया जा सकता है। न्यासियों की 86 वीं बैठक की प्रकाशित कार्यवाही में बहुमत से ट्रस्ट को समाप्त करने तथा लगभग 2400 करोड़ रुपये के संचित कोष एवं चल-अचल संपत्तियों को एनपीएस में हस्तांतरित करने का निर्णय किया गया है।

**बोरिया गेट के सामने यूनियन ने दिखाई एकजुटता, की नारेबाजी**



### अपरिवर्तनीय है ट्रस्ट, एक बोर्ड बैठक में नहीं हो सकता भंग

सीटू महासचिव जोगारा ने कहा कि यह ट्रस्ट के मूल उद्देश्य के विपरीत और अधिकार क्षेत्र से बाहर है।ट्रस्ट डीड के अनुसार यह एक अपरिवर्तनीय ट्रस्ट है। इसे केवल एक बोर्ड बैठक के माध्यम से भंग नहीं किया जा सकता। बैठक की कार्यवाही धारा 18 (ट्रस्ट की समाप्ति) का स्पष्ट उल्लंघन है। ट्रस्ट की समाप्ति पर न्यासियों द्वारा धारित संपत्तियों को प्रत्येक सदस्य के योगदान एवं उस पर अर्जित ब्याज के अनुसार व्यक्तिगत सदस्यों को हस्तांतरित किया जाएगा। अन्य सभी धनराशि एवं निवेशों को न्यासियों द्वारा साकार कर अथवा अन्य प्रकार से निधि के लाभार्थियों के हित में उपयोग किया जाएगा।

### हजारों कर्मचारियों को होगा नुकसान

ट्रस्ट के विघटन का निर्णय सर्वसम्मति से होना चाहिए था जबकि सीटू से उपस्थित न्यासी ने प्रस्ताव से असहमति व्यक्त की थी तथा केंद्रीय ट्रेड यूनियन सीटू के दो प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित नहीं हो सके थे। इनमें से एक प्रबंध न्यासी सदस्य भी थे। अतः उनकी सहमति भी प्राप्त नहीं हुई। कर्मचारियों की सहमति के बिना संचित राशि के हस्तांतरण का निर्णय ट्रस्ट के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है । सीटू ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के हितों के विरुद्ध और वित्तीय रूप से हानिकारक है।कर्मचारियों के अधिकार एवं हितों की रक्षा के लिए इस विषय पर कर्मचारियों को उनके संचित राशि वापस करने अथवा एनपीएस में स्थानांतरित किए जाने का विकल्प दिए जाने के लिए समुचित विचार एवं कार्यवाही करें।

## कुमुड़कट्टा की लखपति दीदी कुसुम बनीं महिला स्वरोजगार की मिसाल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले के डौण्डी विकासखण्ड का एक छोटा सा गाँव कुमुड़कट्टा आज एक नई पहचान बना रहा है। इस पहचान के पीछे हाथ है कुसुम सिन्हा का, जिन्होंने अपनी मेहनत और सरकार की योजनाओं के सही तालमेल से खुद को और अपने साथ जुड़ी महिलाओं को आर्थिक आजादी दिलाई है। कुसुम सिन्हा की सफलता की कहानी तब शुरू हुई जब वे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़ीं। उन्होंने जय माँ पहाड़ों वाली स्वसहायता समूह का गठन किया, वे उसकी अध्यक्ष बनीं। जहाँ पहले ग्रामीण महिलाओं के पास आय के सीमित साधन थे, वहीं इस समूह ने उन्हें हुनर और स्वरोजगार का मंच प्रदान किया। कुसुम सिन्हा और उनके समूह की 12 महिलाओं ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने समय की मांग को समझा और अपने काम में विविधता लाई। त्यौहार के दौरान आकर्षक राखी, रंगोली और हर्बल गुलाल, लोगों की मांग के अनुरूप विभिन्न प्रकार के शुद्ध अचार और मशरूम उत्पादन तथा सिलाई–कढ़ाई से कपड़ों का निर्माण। इन विविध गतिविधियों ने यह सुनिश्चित किया कि समूह के पास साल भर आय का स्त्रोत बना रहे। आज कुसुम सिन्हा गर्व के साथ खुद को लखपति दीदी कहती हैं, जो उनकी आर्थिक उन्नति का प्रमाण है। कुसुम सिन्हा बताती हैं कि राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना ने महिलाओं के आत्मविश्वास को एक नया आयाम दिया है। समूह की महिलाओं को मिलने वाली 01 हजार रुपये की मासिक राशि, छोटी लग सकती है, लेकिन ग्रामीण परिवेश में यह उनकी छोटी–छोटी जरूरतों को पूरा करने और बचत की आदत डालने में क्रांतिकारी साबित हो रही है। कुसुम सिन्हा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एक बड़े भाई की तरह छत्तीसगढ़ की महिलाओं का ख्याल रख रहे हैं। महतारी वंदन योजना से मिलने वाले पैसे को हम जमा कर रहे हैं, जो जरूरत के समय हमारे बहुत काम आते हैं। यदि इच्छाशक्ति मजबूत हो और शासन का सहयोग मिले, तो कोई भी महिला अपनी किस्मत खुद लिख सकती है। आज कुसुम सिन्हा न केवल आर्थिक रूप से स्वतंत्र हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए उम्मीद की किरण भी हैं।

# टाउनशिप में अनाधिकृत निर्माण पर बीएसपी सख्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

- नियमितीकरण संभव नहीं, आवंटियों को नियमों के पालन की चेतावनी

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने भिलाई टाउनशिप क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण और नियमों के उल्लंघन के मामलों के मामलों पर कि टाउनशिप क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या अतिरिक्त विस्तार नियमितीकरण योग्य नहीं है। प्रबंधन ने आबंटियों को चेतावनी दी है कि नियमों की अनदेखी कर किए गए निर्माण पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। टाउनशिप में लीज/लाइसेंस/आबंटन के आधार पर प्रदत्त दुकान, आवास अथवा अन्य परिसरों के सभी आबंटियों को सूचित किया गया है कि टाउनशिप क्षेत्र एवं इसकी संपत्तियाँ "लोक परिसर अधिनियम के तहत अधिसूचित लोक परिसर की श्रेणी में आता हैं। इन परिसरों का आबंटन, प्रबंधन एवं संचालन बी.एस.पी. द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार किया जाता है। इन शर्तों के तहत आबंटियों को किसी भी प्रकार का अतिरिक्त अथवा अनाधिकृत निर्माण करने की अनुमति नहीं है। प्रबंधन की पूर्व स्वीकृति के बिना किया गया कोई भी निर्माण नियमाविरुद्ध एवं अवैध माना जाएगा।

आवंटी किसी भी प्रकार का अनाधिकृत निर्माण न करें तथा आबंटन की सभी शर्तों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। अनधिकृत भवन अथवा नियमाविरुद्ध निर्माण का किसी भी परिस्थिति में नियमितीकरण संभव नहीं है। यदि कोई आबंटी नियमितीकरण संबंधी कोई प्रक्रिया प्रारंभ करता है, तो वह पूर्णतः उसके स्वयं के जोखिम एवं व्यय पर होगी। निगम अथवा अन्य किसी प्राधिकरण के साथ की गई ऐसी कोई भी नियमितीकरण कार्यवाही बीएसपी पर बाध्यकारी नहीं होगी।

उल्लेखनीय हैं कि समाचार पत्रों में प्रकाशित सूचना एवं नगर निगम, भिलाई द्वारा दिनांक 25.02.2026 को जारी तथा 26.02.2026 के समाचार पत्रों में प्रकाशित नोटिस के माध्यम से यह ज्ञात हुआ है कि बी.एस.पी. द्वारा लीज पर प्रदत्त आवासीय, व्यावसायिक एवं अन्य परिसरों में लीजधारकों/आबंटियों द्वारा किए गए अनाधिकृत विस्तार एवं निर्माण के मामलों को नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अंतर्गत नगर निगम, भिलाई द्वारा नियमितीकरण किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। नगर निगम द्वारा जारी किसी भी प्रकार की नियमितीकरण संबंधी प्रक्रिया या नोटिस बीएसपी पर बाध्यकारी नहीं है ।

# सेम्हरडीह में पहली बार हुआ नटखट कान्हा फाग महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा



समीप के ग्राम सेम्हरडीह में एक दिवसीय नटखट कान्हा फाग उत्सव समिति द्वारा होली के दुसरे दिन गुरुवार को पहली बार रंगारंग फाग महोत्सव सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से अलग-अलग 9 मण्डलियों ने प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डेविड बारले सरपंच ग्राम पंचायत सेम्हरडीह, समारुराम ठाकुर ग्रामीण अध्यक्ष, फागुराम रात्रे ग्राम पटेल, हरिचंद्र मानकर सीआरपीएफ जवान, राजेंद्र ठाकुर छत्तीसगढ़ पुलिस रहे। ग्राम सेम्हरडीह में पहली बार फाग महोत्सव का आयोजन किया गया था जिसमें ग्रामीणों का पुरा सहयोग रहा। कार्यक्रम में राधा कृष्ण की रासलीला, कृष्ण जन्मकथा, हिराण्यकश्प वध और विराट युद्ध कथा विशेष आकर्षण का केंद्र बना। अतिथियों द्वारा सम्बोधन में कहा कि नटखट कान्हा फाग उत्सव समिति ने कम समय में भी इतनी तैयारी कर दिखा दिया कि युवाओं द्वारा अगर कोई चीज को करने के लिए ठान लिया जाए तो वह निश्चित रूप से सफल होकर ही रहता है, भविष्य में भी नटखट कान्हा फाग उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष इस तरह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा और ग्रामीणों का भी सहयोग मिलता रहेगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से मंथीर गोयल, वासुदेव यादव, घनश्याम सिंह, धनेश साहू, इनम नयक, लव नायक, गिरधर ठाकुर, शारदा साउण्ड सिस्टम सेम्हरडीह और समस्त टीम की विशेष भूमिका रही।

# लोकसंस्कृति की जीवंत पहचान है फाग गायनः कुंवरसिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा



फाग समिति एवं ग्रामीणों ने आयोजित की फाग गायन व झांकी स्पर्धा

देवरी ब्लॉक के ग्राम गंधरी,टटेंगा,हरदी ट एवं जेवरतला रोड में फाग समिति एवं ग्रामीणों द्वारा आयोजित फाग गायन एवं झांकी प्रतियोगिता में विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्री कृष्णा की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की। विधायक ने फाग प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए कहा कि फाग गीत युगों से चली आ रही है।

गांव एवं शहरों में फागुन मास में जगह-जगह फाग गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें ग्रामीण अपनी एकजुटता दिखाते हुए सबको साथ मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देते हैं। होली जैसा ह्रदय को आनन्दित करने वाला कोई दूसरा पर्व नही है। ऐसे आयोजनों में आप सबके बीच पहुंचना मेरे लिए केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि परिवार से मिलने जैसा भाव है। फाग के मधुर गीत, ढोल नगाड़ा की थाप और रंगों में घुला भाईचारा हमारी समृद्ध लोकसंस्कृति की जीवंत पहचान है। अपनों के बीच जो प्रेम, विश्वास और सम्मान मिलता है, वही मुझे निरंतर जनसेवा के मार्ग पर और अधिक समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। आप सभी का स्नेह ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। फाग गायन व झांकी प्रतियोगिता में पूर्व अध्यक्ष कोदूराम दिल्लीवार, ब्लाक अध्यक्ष संजीव चौधरी, जनपद सदस्य भूपेश नायक, सरपंच दिप्ती साहू, चंद्रहास चापिरा, उत्तम साहू, ललित हिरवानी, पुरुषोत्तम उर्वशा, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सहित आयोजक समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विकास की सौगात दी और सांसद बघेल ने खेली फूलों की होली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुम्हारी



### कुम्हारी में 4 करोड़ 80 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का किया गया भूमिपूजन

बाजार चौक स्थित मानस भवन में कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत होने वाले 472.80 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने की। भूमिपूजन में दुर्ग जिला अध्यक्ष भाजपा सुरेन्द्र कौशिक, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तृप्ति चन्द्राकर भी शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नगर के पुरोहित ने किया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा पार्टी की वर्तमान सरकार हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक वार्डों में विकास कार्य किये जायेंगे। केंद्र व राज्य सरकार के बजट में समावेशी विकास पर जोर दिया गया है जिसका लाभ हर वर्ग को मिलेगा। उन्होंने विपक्षियों पर तंज कसते हुए कहा कि जब विकास की बात आती है तो वे अनुपस्थित रहते हैं ऐसा नही होना चाहिए। जिला अध्यक्ष भाजपा सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि नगर में 4 करोड़ 72 लाख की लागत से मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य किये जायेंगे भाजपा सरकार अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्तियों के विकास के लिए हर समय प्रयासरत है। पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने कहा कि नगर के हर एक व्यक्ति और हर वार्डों में इस सुशासन सरकार की योजना को पहुंचाया जाएगा। अंत मे सांसद एवं पालिकाध्यक्ष ने सभी के साथ फूलों की होली खेली। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, इंजीनियर अतुल सिंह, पार्षद अश्वनी देशलहरे, लोकेश साहू, डिकेश पटेल, उमाकांत साहू, हरिदास वैष्णव, ओंकार प्रसाद मारकंडे, आर प्रवीण राव, रामकुमार सोनी, उमेश्वरी साहू, हेमलता धीवर, ममता साहू, लता साहू, ऋतिका यादव, भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, राजू निषाद, मिथलेश यादव, अशोक दीवान, तेखन सिन्हा, मुकेश दल्लीवार, रामकुमार सोनी, गोल्डी गोस्वामी, दीपक चतुर्वेदी, फिंगेश्वर साहू, पी.एन दुबे, रामाधार शर्मा, अवधेश शुक्ला, अनुज शुक्ला, राजकुमार सिंह, नारायण सोनकर, सुजीत यादव, सुमीत द्विवेदी, रीता पाण्डेय, सुनीता कुर्रे, रागिनी निषाद, योगिता वर्मा एवं कैलाश यादव सहित बड़ी संख्या में नगरवासी पालिका कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### मातृ शक्ति नमन कार्यक्रम कल

दुर्ग। भगवा पार्टी आगामी 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मातृ शक्ति नमन कार्यक्रम आयोजित कर रही है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दुर्ग संभाग प्रभारी हीरेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न क्षेत्रों, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, पत्रकार, शिक्षा, व्यापार समाज सेवा में अपनी सेवाएं दे रही मातृ शक्ति का सम्मान किया जाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी एवं सनातन धर्म के प्रणेता विष्णु पाठक एवं अध्यक्षता भगवा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष देवेश मिश्रा, विशिष्ट अतिथि रमेश शर्मा होंगे। पार्टी संगठन ने इस आयोजन को मातृ शक्ति नमन कार्यक्रम के रूप में प्रस्तुत किया है। सतरूपा शीतला मंदिर के पास स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग परिसर सिविल लाइन, जेल रोड में आयोजित है। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारम्भ होगा। यह उन मातृ शक्तियों का सम्मान है जो विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्य करते हुए सनातन धर्म को आगे बढ़ा रहे हैं।

# चालक-परिचालकों को दिया गया प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

- दुर्घटना और आपदा की स्थिति में तत्काल सहायता के लिए हुई कार्यशाला



भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के राज्य चेयरमेन तोमन साहू के प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला बालोद (छत्तीसगढ़) की डौंडीलोहारा इकाई द्वारा आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा में वाहन चालकों और परिचालकों के लिए प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

वर्तमान समय में बढ़ती दुर्घटनाओं और आपदा की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यशाला में विद्यालय के सभी वाहन चालक, परिचालक, दीदी, समिति के सदस्य तथा विद्यालय स्टाफ ने उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस की डौंडीलोहारा ब्लॉक समन्वयक एवं प्रशिक्षक सीमा सुशील जामवंते तथा मुख्य प्रशिक्षक शशि देशमुख द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान आपदा अथवा दुर्घटना की स्थिति में प्राथमिक उपचार देने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई। इसमें बिच्छू के डंक, सांप काटने, कुत्ते के काटने और मधुमक्खी के डंक जैसी परिस्थितियों में तुरंत किस प्रकार प्राथमिक सहायता प्रदान की जाए, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा दुर्घटना के समय हृदयाघात के लक्षण पहचानने, सीपीआर देने की विधि, अस्थायी स्ट्रेचर तैयार करने के तरीके तथा शरीर के विभिन्न अंगों पर चोट लगने की स्थिति में पट्टी बांधने की विधि का भी प्रशिक्षण दिया गया।

**शंकाओं का किया गया समाधान-** प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागियों से सीखी गई बातों को दोहराने के लिए कहा गया तथा प्रश्नोत्तर के माध्यम से उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। कार्यशाला की सार्थकता जानने के लिए रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य संदीप लोढ़ा द्वारा प्रश्न पूछे गए, जिनका उत्तर देते हुए परिचालक मुरलीधर ने सीपीआर का प्रदर्शन कर जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षकों द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

**इनका रहा विशेष सहयोग-** इस आयोजन को सफल बनाने में जिला प्रबंधन समिति सदस्य शशि देशमुख, सुश्री एनुका शार्वा, सीमा सुशील जामवंते, खेमंत साहू, हेमंत साहू, कपिल पटेल, लवण साहू, संस्था के पदाधिकारी संदीप जैन, मैनेजर राखेचा, प्राचार्य, प्रधान पाठिका नोम साहू, विरेंद्र साहू, धनेश्वरी वर्मा, उदित नारायण साहू सहित विद्यालय स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## पेज 11 के शेष...

### तेज रफ्तार ...

बुजुर्गों और महिलाओं के लिए सड़क पार करना भी जोखिम भरा हो गया है। कई ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा हर समय बना रहता है। 2 दिन पहले ही पथराटोला में आयरन ओर से भरी गाड़ी किराना दुकान के अंदर घुस गई थी एक दिन पूर्व डौडी शहर के ह्रदय स्थल में लूना सवार की मौत हुई लगातार मौत का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। **व्यापारियों की भी बढ़ी परेशानी-** सड़क किनारे दुकान चलाने वाले व्यापारियों का कहना है कि लगातार गुजरने वाली भारी गाड़ियों के कारण धूल का गुबार उठता रहता है। दुकानों में धूल भर जाती है और ग्राहक भी असुविधा महसूस करते हैं। इसके साथ ही दुर्घटना का डर अलग बना रहता है, जिससे व्यापार भी प्रभावित हो रहा है।

**सुरक्षित सड़कें ही आमजन की मांग-** क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि विकास और खनन जरूरी है, लेकिन इसके नाम पर लोगों की जान जोखिम में डालना किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। अब समय आ गया है कि जिम्मेदार विभाग और माइंस प्रबंधन मिलकर ऐसी व्यवस्था बनाएं जिससे सड़कें सुरक्षित हों और लोगों की जिंदगी बचाई जा सके। नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले कहते हैं की लगातार ओवरलोडिंग गाड़ियों पर कार्रवाई की जा रही है,हाईवे और बड़ी गाड़ियों के लिए नो एंट्री किया गया है, आगे लगातार कार्रवाई चलते रहेगी।

### मानपुर चौक में...

पहले भी दो-तीन दिन पूर्व पथराटोला क्षेत्र में एक ट्रक चालक को झपकी आने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर एक दुकान में जा घुसी थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से शहरवासियों में चिंता का माहौल बनने लगा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से दल्लीराजहरा के लिए बायपास सड़क की मांग की जा रही है, ताकि भारी वाहनों का आवागमन शहर के भीतर से कम किया जा सके। वहीं मानपुर चौक के आसपास सड़क किनारे बने बड़े-बड़े गड्ढों के कारण वाहन चालकों, खासकर मोटरसाइकिल सवारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की जल्द मरम्मत कर गड्ढों को भरा जाए तथा शहर के भीतर भारी वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण किया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

### रंग लगाने से मना...

था तब गांव के कुछ लोग मुझे घर ले जाकर छोड़, आरोपियों द्वारा मारपीट करने से मेरे कमर, पीठ, दाहिने हाथ की कोहनी में चोट लगने से बहुत दर्द हो रहा है तथा मेरे दोनो पैर में भी दर्द है।

**खबर संक्षेप**

## देवरी मंडल में भाजयुमो की नई कार्यकारिणी घोषित




**बालोद/देवरी।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलशन साहू एवं मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव के मार्गदर्शन में भारतीय जनता युवा मोर्चा देवरी मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। मंडल अध्यक्ष फणेश्वर साहू के नेतृत्व में मंडल के विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकारिणी में शुभम देवांगन एवं कृष्णकांत साहू को महामंत्री नियुक्त किया गया है। राहुल जैन, रवि साहू, लता देवांगन एवं डुलेश्वर साहू को उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। कोषाध्यक्ष हितेश साहू बनाए गए हैं। इसी प्रकार मंत्री के रूप में अश्वनी साहू, गरिमा साहू, अजय देवांगन एवं कमता प्रसाद निर्मलकर को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यालय प्रभारी अभिषेक देवांगन एवं सह कार्यालय प्रभारी उमेश साहू बनाए गए हैं।मीडिया प्रभारी के रूप में संजू निर्मलकर एवं सह मीडिया प्रभारी के रूप में टीकम साहू को दायित्व सौंपा गया है। सोशल मीडिया प्रभारी द्रोणाचार्य पिश्दा को बनाया गया है। नव नियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा ०है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भीष्म पटेल, दुष्यंत कुमार साहू, अंगदराम साहू, राज निर्मलकर, देवनारायण साहू, किशन साहू, नरेंद्र कुमार साहू, देवेंद्र साहू, संजय साहू, टोमेश सिन्हा, निलेश सहरे, यशवंत सिन्हा, दिनेश्वर साहू, शोभित साहू, लाल साहू, कमलेश देवांगन, राकेश साहू, दीपेंद्र पटेल, ललित साहू, भूपेंद्र निर्मलकर, खिलेश्वर साहू, निमेश्वर हिरवानी एवं चेतन सिंह को शामिल किया गया है।

## नशे की हालत में मिली युवती को ट्रैफिक पुलिस ने सुरक्षित घर पहुंचाया

**भिलाई।** होली के दिन नशे की हालत में मिली एक युवती को ट्रैफिक पुलिस व मितान ने सुरक्षित घर पहुंचाया। ट्रैफिक पुलिस इस मौके पर हादसों में घायलों को अस्पताल भी पहुंचाना का नेक कार्य किया है। जानकारी के मुताबिक होली के दिन सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने के लिए ट्रैफिक पुलिस अधिकारी व कर्मचारी चौक-चौराहों पर तैनात थे। ड्यूटी के दौरान दो अलग-अलग हादसों में ट्रैफिक पुलिस व मितान टीम ने मानवीय कार्य किया। ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारी व कर्मी को एक युवती सड़क किनारे नशे की हालत में पड़ी मिली। उन्होंने उसे वहां से उठाया और सुरक्षित स्थान पर ले जाकर उसे दवा दी। जब उसका नशा कम हुए तो उसके परिजनों से संपर्क किया और फिर उसे उनके हवाले किया।

**पर्व : तीन दिवसीय होली पर्व निकाली गई माता दंतेश्वरी की शोभायात्रा**

# जुन्नापानी में पारंपरिक धूर होली मनाई माता दंतेश्वरी की भक्ति में झूमे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र के आश्रित ग्राम जुन्नापानी में होली पर्व के तीसरे दिन पारंपरिक धूर त्यौहार हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह परंपरा आदिकाल से चली आ रही है जिसे विशेष रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार फाल्गुन पर्व के दिन संध्या समय गांव में स्थित मां दंतेश्वरी की प्रतिमा को विशेष विधि-विधान के साथ गांव में लाया जाता है। इसके बाद रात में मां दंतेश्वरी 12 गांवों में होली खेलने के लिए प्रस्थान करती हैं। जैसे ही माता रानी की यात्रा प्रारंभ होती है, पूरे गांव के लोग भक्ति भाव के साथ उनके साथ चल पड़ते हैं। माता की यह यात्रा लगातार दो रात और तीसरे दिन तक चलती है। इस दौरान माता रानी की शोभायात्रा सबसे पहले ग्राम भर्रीटोला पहुंचती है, इसके बाद मरसकोला, कुदारी दल्ली, करेंगांव, झोलाटोला, कोरेटीटोला, करतूटोला, तुरमूड़ा, मंगचुवा, डूमरटोला और नंगूटोला सहित विभिन्न गांवों में जाकर होली खेलती हैं। दो दिनों तक विभिन्न गांवों में फाग उत्सव मनाने के बाद तीसरे दिन सुबह माता रानी जर्राडीह में प्रवेश करती हैं। इसके पश्चात माता रानी की यात्रा पुनः ग्राम जुन्नापानी लौटती है, जहां वे गांव के प्रत्येक घर में जाकर होली खेलने की परंपरा निभाती हैं। इस दौरान ग्रामीण फाग गीत गाते हुए नाचते-झूमते माता रानी की भक्ति में लीन होकर उत्सव का आनंद लेते हैं। ग्रामीणों के अनुसार जुन्नापानी में विराजमान मां दंतेश्वरी को देश फिरन्तीन और बरगहीन के नाम से भी जाना जाता है। मां दंतेश्वरी के पुजारी धनेश कुमार कुंजाम हैं। यह तीन दिवसीय पारंपरिक होली पर्व समिति के माध्यम से आयोजित किया जाता है, जिसके संरक्षक ग्राम पटेल चंद्रशेखर सुकतेल हैं। ग्रामीणों की आस्था और सहभागिता से यह पर्व हर वर्ष पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

■ फाग गीत और नृत्य के बीच ग्रामीणों ने उत्सव में लिया सक्रिय भाग




## होली पर हुईं फाग प्रतियोगिताएं, लोकगीतों पर झूमे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




ग्रामीण अंचलों में लोक संस्कृति और परंपराओं की खुशबू आज भी बरकरार है। इसी कड़ी में बालोद जिले के विभिन्न गांवों में होली के अवसर पर लगातार फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने ग्राम चौरेल, पैरी और नवागांव में आयोजित फाग प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हुई। उन्होंने लोक गायकों का उत्साहवर्धन किया और ग्रामीणों के साथ होली के पारंपरिक गीतों का आनंद लिया। तीनों गांवों में पहुँचने पर ग्रामीणों और आयोजन समितियों ने चंद्राकर का स्वागत किया। फाग गीतों की गूंज और नगाड़ों की थाप के बीच कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह भक्तिमय और उल्लासपूर्ण रहा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि फाग गीत हमारी गौरवशाली छत्तीसगढ़ी संस्कृति की पहचान है। ये आयोजन आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं और हमारी नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़हैं। चंद्राकर ने विभिन्न फाग मंडलियों के प्रदर्शन की सराहना की और विजेता समूहों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आधुनिकता के दौर में भी ग्रामीण क्षेत्रें ने अपनी फाग विधा को जीवित रखा है, जो प्रशंसनीय है। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीणों से मुलाकात कर गांव की मूलभूत समस्याओं और विकास कार्यों पर भी चर्चा की। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर ग्राम नवागांव (डू) में सदस्य जिला पंचायत बालोद मीना साहू, सभापति जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, सरपंच उषा साहू, जनपद सदस्य गौरी उत्तम निषाद, रेवाराम सिन्हा, टोमन साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ अर्जुन्दा उमाशंकर साहू, हेमन्त साहू, अध्यक्ष आयोजक समिति कुलदीप साहू, यादराम साहू, ग्राम पैरी में सभापति जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्य ममता सेन, पूर्व सरपंच रूपम देशमुख, अध्यक्ष आयोजक समिति अमित साहू, ग्रामीण अध्यक्ष गेंदसिंह पटेल, दुष्यंत कुमार तथा ग्राम चौरेल में सभापति जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, सरपंच पूजा यादव, उपसरपंच मेनका चंद्राकर, निर्मला सेन, कुन्ती साहू, रेणुका यादव, धर्मेन्द्र गंगबेर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## देवरीबंगला में हुई फाग गीत एवं झांकी स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

देवरीबंगला में एक दिवसीय फाग गीत एवं झांकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्षेत्र की 12 फाग मंडलियों ने भाग लेकर पारंपरिक फाग गीतों और आकर्षक झांकियों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन से जुड़े घनेश्वर देवांगन ने बताया कि प्रतियोगिता का यह पहला वर्ष था, जिसे ग्रामीणों तथा श्रीराम फाग प्रतियोगिता समिति के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और देर रात तक फाग गीतों की मधुर धुनों से वातावरण गुंजायमान रहा। प्रतियोगिता में ग्राम अछोली की जय मां वैष्णवी फाग गीत एवं झांकी मंडली ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं जय मां शीतला फाग गीत मंडली ग्राम मरेठा नवागांव ने द्वितीय स्थान हासिल किया। सावरिया फाग मंडली बैहाकुआ तृतीय स्थान पर रही। चतुर्थ स्थान जय मां त्रिपुर सुंदरी राधा-कृष्ण फाग मंडली ग्राम परेवाडीह को मिला, जबकि पंचम स्थान नव युवक फाग परिवार सिर्राभाठा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के



दौरान श्रेष्ठ गायन, श्रेष्ठ नगाड़ा वादन, श्रेष्ठ झांकी और श्रेष्ठ वेशभूषा के लिए भी प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोशन, तेजराम, देवेंद्र, किशन, कुनाल, भोज, भोजेंद्र, खोमु, बग्गा, डिलेंद्र बाटा, एवन, रामेश्वर, साहिल, राकेश, दीनबंधु, लेखचंद, पियांशु, जीत नागवंशी, मेघनाथ, कुंदन, चंद्रकांत, नीरज, अभय, गगन, कुलदीप, लोकेश, हेमलाल, डमेंद्र, तेजु, हितेश, विमल, पिंटू मंडावी, अमित, धर्मेंद्र, डीके, शुभम, मनीष, हरिश, थनेश्वर, पप्पू, राहुल, झलेन्डा, पिताम्बर, बोरजध्वज, चंचल, पंकज, गीता, हिमांचल, केशव, दुर्गेश, हिरेन्द्र, गगन, लीशु, ईशू, पवन, जानू, हर्ष, जावेश, ढालेश, विभु, लुम्भ, फल्लू और फलेन्द्र सहित अन्य ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। यह कार्यक्रम श्रीराम युवा क्लब एवं समस्त ग्रामवासी देवरीबंगला के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसे ग्रामीणों का भरपूर सहयोग रहा।

## बैहाकुआं में हुआ फाग महोत्सव बागतराई की मंडली रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम बैहाकुंआ में होली पर्व के अवसर पर श्री कृष्ण युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में एक दिवसीय फाग महोत्सव एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों और क्षेत्रों से आई फाग मंडलियों ने पारंपरिक फाग गीतों, नृत्य और झांकियों की शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत डौंडीलोहारा के अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम थे, जबकि अध्यक्षता जयलाल मालेकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डौंडीलोहारा ने की। विशेष अतिथि के रूप में किशोर साहू (सरपंच), रामसिंह भंडारी, धनराज देहारी, मिलन खरे, कोमल पटेल और हिरदे खरे सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

फाग प्रतियोगिता में विभिन्न मंडलियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। प्रतियोगिता में जय बघरनपाट फाग मंडली बागतराई ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। देवादा की मंडली द्वितीय, मुन्देरा तृतीय, सिब्दी चतुर्थ तथा खुटेरी की मंडली पंचम स्थान पर रही। इसके अलावा प्रतियोगिता में विभिन्न विशेष श्रेणियों में भी पुरस्कार प्रदान किए गए। सर्वश्रेष्ठ गायन का पुरस्कार श्री हरिहर फाग मंडली झंडातलाव को मिला, जबकि




सर्वश्रेष्ठ वादन में मुन्देरा, श्रेष्ठ झांकी में बागतराई, श्रेष्ठ संगीत में देवादा, श्रेष्ठ नृत्य में खुटेरी तथा श्रेष्ठ वेशभूषा में सिब्दी की फाग मंडलियों ने स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजाराम तारम (जिला पंचायत सदस्य), भूपेश नायक (जनपद पंचायत सदस्य), एम.आर. भंडारी और मुकेश पाथरे उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता मंडलियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और देर रात तक फाग गीतों की मधुर धुनों के साथ होली उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम की जानकारी समिति के पवन खोब्रागढ़े ने दी।

# कुम्हली स्कूल में छात्रों ने लिया चुनाव आयोग जैसी मतदान प्रक्रिया का अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

मतदाता बनने के पहले मतदान की प्रक्रिया को भली भांति समझाने का सार्थक पहल शासकीय स्कूल कुम्हली में किया गया। इसी तारतम्य में बैगलेश डे पर विद्यालय मे चुनाव आयोग के चुनावी प्रक्रियाओं का हुबहू पालन करते हुए कक्षा परिषद एवं विद्यालय परिषद का प्रिंटेड बैलेट पेपर से गुप्त मतदान प्रणाली से प्रतिनिधि चुने गए। इसके लिए शैक्षिक नवाचारी शिक्षक छन्नूलाल साहू ने बहुत विस्तृत रूप से भारत निर्वाचन आयोग के व्यवस्थाओं, चुनाव सामग्रियों का प्रतिरुपात्मक व्यवस्था कर भारतीय राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था को छात्रें को समझाने सफलतम प्रयास किए।

उन्होंने विद्यार्थियों को ही पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी बनाया और चुनाव संचालन के लिए तीन बार प्रशिक्षण दिया। मतदान प्रक्रिया मे काम आने वाली समस्त स्टेशनरी, पोस्टर, बैलेट पेपर, चुनाव चिन्ह, बुथ, रिजर्व दल, रिटर्निंग ऑफिसर, सेक्टर आफिसर, चुनाव आयुक्त की व्यवस्था की। विद्यालय मे आठ मतदान केंद्र बनाए गए जिसमें तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, पाटलिपुत्र, अवन्तिका, शांतिनिकेतन, भोज एवं प्रयाग यह सभी प्राचीन भारतीय शिक्षा कला के विश्व प्रसिद्ध केंद्र रहें, इसे छात्रें को समझने का अवसर मिला। पीठासीन



अधिकारियों को चुनाव आयुक्त द्वारा लिखित आदेश जारी किए गए। कुछ मतदान केंद्र के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार की गई थी। मतदाता छात्रें को मतदान के विद्यालय चुनाव रिटर्निंग आफिसर के हस्ताक्षर युक्त मतदाता पचएँ वितरित की गई। मतदान सुबह आठ बजे से प्रारंभ हुई। मतदान समाप्ति के बाद मतदान पेटी को सील करके मतगणना केंद्र संदीपनी भवन मे सुरक्षित रखे गए। मध्याह्न भोजन पश्चात मतगणना अधिकारी द्वारा काउंटिंग प्रारंभ की गई। सबसे पहले कक्षा नायक निम्न सदन प्राथमिक कक्षाओं का बैलेट पेपर गुलाबी रंग, उच्च सदन पूर्व माध्यमिक कक्षाओं का पीला रंग, शाला नायक का नीला रंग को अलग अलग कर, प्रत्याशी के नाम अनुसार बंडल बनाए गए।

**अनुपस्थित रहने पर पीठासीन निलंबित-** चुनाव परिणाम में कक्षा पहिली प्राची, दुसरी मे माया, तीसरी मे निधि, चौंथी मे धनंजय, पांचवीं सागर, छठवीं वेदांत, सातवीं योगेश, आठवीं साक्षी एवं शाला नायक के लिए कोमेश साहू को जीत मिली। निर्वाचन अधिकारी ने एक पीठासीन अधिकारी को उपस्थित नहीं होने पर निलंबित कर दिया। उन्हें लिखित मे कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। चुनाव सम्पन्न होने के बाद सभी सामाग्रियों को विद्यालय निर्वाचन शाखा मे जमा करा दी गई है। विद्यालय के निर्वाचन अधिकारी प्रभा सिंह ने कहा कि ऐसी प्रायोगिक गतिविधियों से बच्चे संपूर्ण विषय वस्तु को सुक्ष्मता एवं तीव्रता से सीख जाते हैं। यही नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मूल उद्देश्य है।

**खेल-खेल बच्चों ने जानी सामाजिक जिम्मदारी-** इस अनोखी शैक्षिक गतिविधि से निर्वाचन अधिकारी की भूमिका निभाने वाले बच्चों ने स्वप्रेरित अपने मन के भाव को शिक्षक छन्नूलाल साहू से चर्चा करते हुए कहा हम लोगों को मतदान अधिकारी बनकर चुनाव सम्पन्न कराने मे बहुत मज़ा आया और प्रेरणा मिली। शिक्षक ने नवाचार के विशिष्ट पहलू पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शैक्षिक गतिविधि से बच्चों मे राष्ट्रवाद एवं सामाजिक जिम्मेदारी को नजदीक से अनुभूति कराने मे बहुत कारगार साबित होता है। देश के राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था को समझने मे सहायक रही। राजनीति के ईद गिर्द आज आदमी की जीवन चर्या गुजरने लगी है, चाहे वह राजनीति करे या ना करे।

# जुनवानी में हुआ लोक कला महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने और ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से ग्राम जुनवानी में लोक कला महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रुप मे बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुईं।

उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और लोक कलाकारों की कला की प्रशंसा की। लोककला महोत्सव को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की लोक कला और संस्कृति हमारी असली विरासत है। उन्होंने कलाकारों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि गाँव के इन मंचों से ही असिभा निखर कर सामने आती है। हमारी लोक विधाएं जैसे पंथी, सुआ, करमा और ददरिया मनोरंजन के साधन के साथ साथ हमारी परंपराओं को जीवित रखने का माध्यम भी है। चंद्राकर ने मंच पर प्रदर्शन करने वाले विभिन्न लोक कला दलों को सम्मानित किया और स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्राकर ने क्षेत्रवासियों को होली पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। स्थानीय लोककला दलों ने छत्तीसगढ़ी गीतों और नृत्यों की ऐसी मनमोहक प्रस्तुति दी कि दर्शक झूमते नजर आए। इस दौरान सभापति जिला पंचायत बालोद प्रकांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्यरीना डोमन देशमुख, तुलसी राम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष थनेश साहू, पंच पुष्पा सेन, पंच गायत्री देशमुख, पंच भुनेश्वरी साहू, लेमन साहू, अध्यक्ष आयोजक समिति सूर्यकांत साहू, फलेश साहू, बिशेश्वर साहू सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।



ग्रामीण प्रतिभाओं ने बिखेरे संस्कृति के रंग

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने बनी देशव्यापी अभियान की रूपरेखा

## रायपुर के भनपुरी में आयोजित कार्यशाला में संतों और गौभक्तों ने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

गौ माता को राष्ट्र माता के रूप में सम्मान दिलाने के लिए अपने प्राणो की आहुति तक देने के संकल्प के साथ साधु, संतो एवं गौ भक्तो ने आंदोलन के व्यापक रूपरेखा तैयार की है। राष्ट्रीय स्तर पर चलने वाले इस महाआंदोलन के लिए छत्तीसगढ़ प्रांत की राजधानी रायपुर स्थित मां दुर्गा मंदिर भनपुरी में गौ माता को राष्ट्रमाता सम्मान दिलाने एक दिन की कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में गुरूर विकासखण्ड से बड़ी संख्या में गौ भक्त सम्मिलित हुए। इस सम्मान आह्वान अभियान के प्रथम चरण में 27 अप्रैल को गौसम्मान दिवस मनाने की कार्य योजना तैयार की गई। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय संत गणों से मार्गदर्शन प्राप्त करने हजारों की संख्या में गौ भक्तों, गौ पलको, गौ रक्षकों, गौ सेवकों का एकत्रीत हुए। कार्यक्रम में चेतावनी देते हुए हुए संतों ने कहा कि अगर 2029 तक हम गौ माता को बचाने में समर्थ नहीं हुए तो 2036 तक महाप्रलय जैसे परिणाम भुगतने तैयार रहना पड़ेगा। इसके लिए गौ सम्मान आह्वान अभियान की जानकारी देते हुए बताया गया कि चार चरणों में इस अभियान की शुरूआत होगी, इस अभियान की खासियत यह है कि इसे किसी व्यक्ति, संगठन या राजनैतिक दल द्वारा नही चलाया जा रहा है। इसका नेतृत्व स्वयं सुरभि माता संरक्षिका बन कर रही है, वही नंदी बाबा इसके अध्यक्ष हैं। यह अभियान बिना किसी चंदा और रसीद के चलेगा अर्थात अभियान में जुड़े गौ भक्तगण स्वयं के स्वस्फूर्त समर्पण से व्यय से चलेगा।



### राष्ट्रभर के संतों और गौभक्तों ने लिया संकल्प

5 माह तक इंतजार करने पर भी यदि सरकार 15 अगस्त 2027 को लालकिला के प्राचीर से गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित कर आशानुरूप सेवा संरक्षण और सम्मान नहीं देती तो राष्ट्रभर के संतों, गौभक्तों का संकल्प है कि जिस देश में गौ मां को सम्मान नहीं मिला तो उस मिट्टी में जीने का क्या औचित्य होगा, यह ठान 16 अगस्त 2027 से 5–5 की संख्या में संतों, गौभक्तों द्वारा आमरण अनशन कर अपने प्राणों की आहुति देने को बैठेंगे। एक के गोलोक सिधारने पर दूसरा अनशन पर बैठ जाएंगे। यह तब तक चलेगा जब तक गौ माता के सेवा संरक्षण और सम्मान हेतु गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित कर संरक्षण के लिए उचित कठोर कानून बनाने और लागू करने को सरकार तैयार नहीं हो जाती। इस एक दिवसीय कार्यशाला में गुरूर ब्लाक सहित बालोद जिले से 50 से अधिक संख्या में गौ भक्तों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन और प्रबोधन हेतु भी बालोद जिला का वर्चस्व रहा। गो वत्स कथा वाचकों का भी चयन में भी बालोद जिला को प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ। जामड़ी पाटेश्वर धाम छत्तीसगढ़ प्रांत का केंद्र बिंदु होगा।

## खबर संक्षेप

### कुथरेल में 19 से 22 मार्च तक होगी वार्ड स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा

**अंडा।** दुर्ग जिले के ग्राम कुथरेल में रामापति ट्रॉफी के अंतर्गत वार्ड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 19 मार्च से 22 मार्च 2026 तक रामलीला मैदान, ग्राम कुथरेल में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में कुथरेल, जंजगीरी और भानपुरी की टीमें भाग लेंगी और आपस में रोमांचक मुकाबले खेलेंगी। आयोजकों द्वारा बताया गया है कि प्रतियोगिता का फाइनल मैच 22 मार्च को दोपहर 1:30 बजे से खेला जाएगा। इस क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रेमियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, खेल प्रेमियों और ग्रामवासियों को कार्यक्रम में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए आमंत्रित किया है। इस प्रतियोगिता का सीधा प्रसारण यूट्यूब 108 लाईव के माध्यम से भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम के संयोजक लोमशा (रिकु) चंद्राकर, सभापति जनपद पंचायत दुर्ग, द्वारा आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रतियोगिता का आनंद लेने की अपील की है।



### युवक ने लगाई फांसी

**भिलाई।** युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि युवक का शिनाख्त राजीव नगर भिलाई निवासी सौरभ सोनकर है। मृतक होली के दिन परिजनों के साथ था और होली भी खेला था। सौरभ ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों और दोस्तों ने सौरभ की जानकारी मिली तो वे तुरंत फंदे से नीचे उतारकर निजी अस्पताल लेकर गए। लेकिन डॉक्टर ने जांच कर मृत घोषित कर दिया।शव को पीएम के लिए शास्त्री अस्पताल सुपेला लाया गया है। मौके पर सुपेला और वैशाली नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची थी। आत्महत्या का कारण अज्ञात है पुलिस जांच के बाद ही असली वजह सामने आ पाएगी।

## पुलिस की मुस्तैदी से शांतिपूर्ण माहौल में मना रंगों का महापर्व होली

# रंग-गुलाल, फाग गीत और भाईचारे के संग उमंग में डूबा दल्लीराजहरा







हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में रंगों का महापर्व होली पूरे उत्साह, उमंग और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। छिटपुट घटनाओं को छोड़कर पूरे क्षेत्र में पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सुबह से ही शहर के चौक-चौराहों, गलियों और मोहल्लों में रंग-गुलाल की बौछारें देखने को मिलीं। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी होली के रंग में सराबोर नजर आए और लोगों ने एक-दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर पर्व की बधाइयां दीं। पूरा दल्लीराजहरा शहर मानो रंगों की चादर में लिपटा हुआ दिखाई दिया।

बुधवार होली के दिन सुबह से ही दल्लीराजहरा शहर में उत्सव का वातावरण बन गया था। युवाओं की टोलियां ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर झूमती नजर आईं, वहीं कई स्थानों पर पारंपरिक फाग गीतों की गूंज सुनाई दी। लोगों ने अपने मित्रों, रिश्तेदारों और परिचितों के घर पहुंचकर रंग-गुलाल लगाया तथा मिठाई, गुजिया, ठंडाई और पारंपरिक व्यंजनों के साथ खुशियां साझा कीं। बच्चों में भी होली को लेकर खासा उत्साह रहा और वे रंग-पिचकारी के साथ पूरे दिन मस्ती करते नजर आए।

### पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

पर्व को देखते हुए दल्लीराजहरा पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट मोड में रहा। दल्लीराजहरा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम लगातार गश्त करती रही और असामाजिक तत्वों तथा गुंडे-बदमाशों पर कड़ी नजर रखी गई। पुलिस की सक्रियता और नागरिकों के सहयोग के चलते पूरे क्षेत्र में होली का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

### बाजारों में रही रौनक

होली पर्व को लेकर बाजारों में भी काफी रौनक रही। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रंग-गुलाल, पिचकारी, मुखौटे और मिठाइयों की दुकानें सजी रहीं, जहां लोगों ने जमकर खरीदारी की। कई सामाजिक संगठनों और मोहल्लों में सामूहिक रूप से होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया।

### पेट्रोलिंग टीम लगातार रही सक्रियः टीआई

थाना प्रभारी संतोष भूआर्य ने बताया कि होली पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। शहर के विभिन्न इलाकों में पुलिस की पेट्रोलिंग टीम लगातार सक्रिय रही और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए गए।

### प्रेम और सामाजिक समरसता का प्रतीक है होलीः पाटले

नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले ने कहा कि होली भाईचारे, प्रेम और सामाजिक समरसता का प्रतीक पर्व है। पुलिस प्रशासन का प्रयास था कि सभी नागरिक सुरक्षित और आनंदमय वातावरण में त्योहार मना सकें। उन्होंने शहरवासियों को शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने के लिए धन्यवाद भी दिया। इस अवसर पर शहर के कई प्रमुख नागरिकों ने भी लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं।

### पूरे जोश, उत्साह और भाईचारे के वातावरण में मनी होली

प्रदीप चोपड़ा ने कहा कि होली का पर्व समाज में प्रेम और एकता को मजबूत करने का अवसर देता है, हमें इस परंपरा को सदैव जीवित रखना चाहिए। राजेश गुप्ता ने कहा कि होली का त्योहार समाज में खुशियों और भाईचारे का संदेश लेकर आता है, जिसे सभी को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। मोहित जैन ने कहा कि रंगों का यह पर्व पुरानी कटुता को भुलाकर रिश्तों में मिठास घोलने का संदेश देता है। संजय अग्रवाल ने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण और जीवंत पर्व है, जो समाज को जोड़ने का कार्य करता है। कुल मिलाकर दल्लीराजहरा शहर में होली का पर्व पूरे जोश, उत्साह और भाईचारे के वातावरण में मनाया गया। रंग-गुलाल, ढोल-नगाड़ों और खुशियों के बीच शहर का माहौल दिनभर उत्सवमय बना रहा और लोगों ने एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटते हुए रंगों के इस महापर्व का आनंद उठाया।

## महिलाओं की शिक्षा व जागरूकता से समाज बनेगा सशक्त : बसंती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय हस्ती बसंती पिकेश्वर ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि महिलाओं की शिक्षा और जागरूकता से ही एक सशक्त और विकसित समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि जन्म से लेकर जीवन के हर चरण तक महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। महिला परिवार की आधारशिला होती है, जो बहन, बेटी, पत्नी और मां के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज को दिशा देती है। बसंती पिकेश्वर ने कहा कि महिलाएं अपनी प्रतिभा, परिश्रम और जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने के बावजूद कई जगह पुरुषों से पीछे दिखाई देती हैं। इसका मुख्य कारण समाज की पारंपरिक सोच है, जिसमें महिलाओं की क्षमता को अक्सर कमतर आंका जाता है। उन्होंने कहा कि आज सबसे अधिक आवश्यकता समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव लाने की है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सामाजिक बंधनों को तोड़कर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है। साथ ही बाल विवाह, भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, बाल मजदूरी और घरेलू हिंसा जैसी कुरीतियों के खिलाफ बनाए गए कानूनों से महिलाओं की स्थिति में सुधार आया है।

## आईआईटी दिल्ली में किसान कुंभ 2026 30 महिला कमाण्डो आमंत्रित



**बालोद।** किसान कुंभ 2026 को तीस एवं इक्तीस मार्च को आईआईटी दिल्ली के कैम्पस में होने जा रहा हैं। इस कार्यक्रम में पूरे भारत वर्ष से तीन हजार महिलाओं को आमंत्रित किया गया है। जिसमें से उन्नत भारत की सोच रखने वाली तीस महिला कमाण्डो को भी आमंत्रित किया गया है। छत्तीसगढ़ बालोद से शमशाद बेगम, सरीता कंवर, चमेली साहू, भगवती साहू, ललीता, धनेशवरी, जामून, केशर, पुष्पा, जेवरतला विकास खंड गुण्डरदेही भीमेश्वरी सांडिल्य, सरस्वती साहू, विकास ख़ंड बालोद प्रेम बती यादव, चन्द्ररेखा, कल्याणी देशमुख दनिया, खुमेशवरी दल्लीराजहरा एवं सुभांगी मुले, विमल, सविता चौधरी, आशा येचनेस्कर, जयश्री पाल, आशा डंभारे, सोनू येचनेस्कर, प्रतिभा, वलनी, अनीता तरपटकर, पारडी, माधूरी खंडाला सालिनी डंभारे, सुमन, अनेजा एवं नेतृत्व योगेश अनेजा केशव डंभारे, मोहम्द सैय्यद नागपुर महाराष्ट्र से प्रतिभागी होंगे। महिलाएं कार्यक्रम मे जल है तो कल है, जल ही जीवन है। बढ़ते हुए बोरवेल पर तत्काल अंकुश लगाया जाये, बोरवेल न होने पाये, सशक्त कानून बनाया जाये का संदेश लेकर जा रहें हैं।

## दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस में नई नियुक्तियों से संगठन को मिले दो नए सचिव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा




जितेंद्र और रोशन को मिली जिम्मेदारी

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में नई नियुक्तियां की गई हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख के नेतृत्व में जितेंद्र यादव एवं रोशन चंद्राकर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का सचिव नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, राजेंद्र साहू, नन्द कुमार सेन सहित कई कांग्रेस नेताओं ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा जताई। नवनियुक्त सचिव जितेंद्र यादव और रोशन चंद्राकर ने कहा कि वे पार्टी नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे तथा कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस दौरान रिवेंद्र यादव, योगिता चन्द्राकर, आशा विक्की मिश्रा, टिकेश्वरी लाल देशमुख,राकेश हिरवानी, प्रदीप चन्द्राकर, रूपेश देशमुख, पुकेश चन्द्राकर, दिग्विजय सिन्हा, बैकुंठ महानंद, सहित कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे और सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

## शिक्षकों के योगदान को याद कर विद्यार्थियों ने किया सम्मान

# वाईएल सिन्हा की प्राचार्य पद पर पदोन्नति लखनलाल साहू को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा




संकुल स्त्रोत केंद्र खेरथाबाजार में शनिवार को एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन कर वाई.एल. सिन्हा के प्राचार्य पद पर पदोन्नत होने पर उनका सम्मान किया गया तथा लखनलाल साहू के स्थानांतरण पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। संकुल स्त्रोत केंद्र खेरथाबाजार के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने दोनों शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उनके कार्यकाल के दौरान विद्यालय के विकास में दिए गए योगदान को याद किया। संकुल परिवार ने बताया कि वाई.एल. सिन्हा ने अपनी कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित और प्रेरणादायी कार्यशैली से विद्यालय तथा संकुल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्राचार्य पद पर पदोन्नति प्राप्त करने पर संकुल के सभी शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसी अवसर पर लखनलाल साहू के स्थानांतरण पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय परिवार ने उनके सरल स्वभाव, समर्पण और शिक्षण कार्य के प्रति लगन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ आगे बढ़ने किया प्रेरित-** कार्यक्रम में संकुल खेरथाबाजार के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला आतरगांव में कार्यभार ग्रहण करने वाले नए शिक्षक शशांक साहू का भी स्वागत किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में संकुल परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में दोनों शिक्षकों को स्मृति चिन्ह एवं शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक दिनेश लोंन्हारे ने किया, जबकि मंच संचालन गेवेंद्र दास मानिकपुरी ने किया।

**ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर संकुल स्त्रोत केंद्र खेरथाबाजार के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के शिक्षक जितेन्द्र धरमगुड़ी, तोषण दास गंगबेर, परमानंद देवांगन, रिपुसुदन शाकार, मो. आरिफ सिद्दीकी, टेक राम रात्रे, युवराज साहू, गोकुल आंधियां, नीलम देवांगन, प्रीति भुआर्य, चंद्रिका ठाकुर सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### युवक का मिला शव

**भिलाई।** युवक की लाश फ्लाओई ओवर ब्रिज मुर्गा चौक के पास मिवने सनसनी फैल गई। सड़क से गुजने वाले लोगों ने पुलिस को शव मिलने की सूचना दी। मिली जानकारी के मुताबिक युवक की 20 से 22 वर्ष की होगी। उसके पास किसी भी प्रकार का पहचान पत्र तलाशी में नहीं मिला है। मौके पर एफएसएनएल की टीम भी पहुंची थी, साक्ष्य जुटाए जा रहे है।

## भागवत कथा में ध्रुव व कपिल चरित्र सुनकर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा



दुर्ग जिले के ग्राम चिंगरी में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा व्यास पं. भूपेंद्र पाण्डेय महाराज (गुंडरदेही, जिला बालोद) द्वारा ध्रुव चरित्र और कपिल चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान की भक्ति में लीन होकर कथा का आनंद लिया।

कथा के दौरान पं. पाण्डेय महाराज ने ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि बालक ध्रुव ने छोटी उम्र में ही कठोर तपस्या कर भगवान विष्णु को प्रसन्न किया और अटल भक्ति का आदर्श प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सच्ची श्रद्धा और दृढ़ संकल्प से भगवान की कृपा अवश्य प्राप्त होती है। इसके बाद कपिल चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने भगवान कपिल देव के ज्ञान और उपदेशों की महिमा बताई। उन्होंने कहा कि कपिल देव ने माता देवहूति को भक्ति और ज्ञान का मार्ग बताया, जिससे मानव जीवन को सही दिशा मिलती है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजन समिति ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 13 मार्च तक ग्राम चिंगरी में प्रतिदिन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

स्वामी जी 9340638884
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
भेंट द्वारिका, द्वारिकाधीश, सोमनाथ, नागेश्वर, ओम कालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रुक्मणी मंदिर, त्र्यम्बकेश्वर, गोपी तालाब, सिरडी, शनि सिग्नापुर, नासिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थान
यात्रा दिनांक
28 मार्च, 2026
04 अप्रैल, 2026
04 जून, 2026
14 जून, 2026
29 जुलाई, 2026
11 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ऑफर ₹ 18,500/- 3AC ऑफर ₹ 29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office: ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)